चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
दैनिक भूमि	21.1.26	12	3-4

पदोन्नति के साथ बढ़ती जिम्मेदारियां, नई भूमिका में पूरी निष्ठा से कार्य करें कर्मचारी : प्रो. कंबोज

हकृवि के 18 गैर-शिक्षक कर्मचारियों को पदोन्नति



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 18 गैर-शिक्षक कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई है। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पदोन्नति कर्मचारी की मेहनत, लगन और ईमानदारी का सम्मान है। विश्वविद्यालय की प्रगति में प्रत्येक कर्मचारी की अहम भूमिका होती है और पदोन्नति के साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में सभी कर्मचारी अपने नए पद पर पूरी लगन, अनुशासन और टीम भावना के साथ कार्य करें तथा विश्वविद्यालय के विकास में अपना योगदान दें। कुलपति ने कहा कि कर्मचारियों की मेहनत और कार्य के प्रति समर्पण ही किसी संस्थान की मजबूती का आधार होता है। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने पदोन्नत कर्मचारियों से नई जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखना जरूरी है। कर्मचारियों की कार्यक्षमता और मेहनत को पहचान देना संस्थान के बेहतर प्रशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रशासनिक एवं लेखा अधिकारी (ई) तारा चंद ने बताया कि दो डिप्टी सुपरिंटेंडेंट सुरेंद्र कुमार और अंजू रानी को सुपरिंटेंडेंट, तीन असिस्टेंट रविंद्र शर्मा, राजेश कुमार और बॉबी कुमार को डिप्टी सुपरिंटेंडेंट तथा चार सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर कैलाश रानी, स्नेह ढींगरा, सीमा रानी और अनीता रानी को पर्सनल असिस्टेंट के पद पर पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार सात क्लर्क अमन नैन, पूनम यादव, सुमित नेहरा, आजाद सिंह, मनोज, रविंद्र और बब्बर भान को असिस्टेंट बनाया गया है। इसके अलावा सीनियर लैब असिस्टेंट उमेश कुमार को लैब टेक्नीशियन और जूनियर इंजीनियर सोनू दूहन को एसडीओ (सिविल) के पद पर पदोन्नति दी गई है। इस अवसर पर कुलपति के सचिव कपिल अरोड़ा और मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
पंजाब केसरी	21.11.26	5	7-8

हकृवि के 18 गैर-शिक्षक कर्मचारियों को मिली पदोन्नति



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज पदोन्नत कर्मचारियों के साथ।

हिसार, 20 नवम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 18 गैर-शिक्षक कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने पदोन्नति पाने वाले सभी कर्मचारियों को बधाई दी।

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि पदोन्नति कर्मचारी की मेहनत, लगन और ईमानदारी का सम्मान है। विश्वविद्यालय की तरक्की में हर कर्मचारी की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं। इसलिए सभी कर्मचारी अपने नए पद पर पूरी लगन, अनुशासन और टीम भावना के साथ काम करें। पदोन्नति पाने वाले कर्मचारियों के बारे जानकारी देते हुए प्रशासनिक एवं लेखा अधिकारी (ई) तारा चंद ने बताया कि विश्वविद्यालय में दो डिप्टी सुपरिंटेंडेंट सुरेंद्र कुमार और अंजू रानी को पदोन्नत कर सुपरिंटेंडेंट बनाया गया है। वहीं, तीन असिस्टेंट रविंद्र शर्मा, राजेश कुमार और बॉबी कुमार को डिप्टी सुपरिंटेंडेंट के पद पर पदोन्नति दी गई है।

इसी प्रकार, चार सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर कैलाश रानी, स्नेह ढींगरा, सीमा रानी और अनीता रानी को पर्सनल असिस्टेंट बनाया गया है। सात क्लर्क अमन नैन, पूनम यादव, सुमित नेहरा, आजाद सिंह, मनोज, रविंद्र और बब्बर भान को असिस्टेंट के पद पर पदोन्नति मिली है। इसके अलावा, सीनियर लैब असिस्टेंट उमेश कुमार को लैब टेक्नीशियन तथा जूनियर इंजीनियर सोनू दूहन को एस.डी.ओ. (सिविल) के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर कुलपति के सचिव कपिल अरोड़ा व मीडिया एडवाइजर डा. संदीप आर्य भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
अजीत समाचार	21-11-26	5	5-7

हकृवि के 18 गैर-शिक्षक कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने दी बधाई, कहा-पदोन्नति के साथ बढ़ती हैं जिम्मेदारियां



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज पदोन्नत कर्मचारियों के साथ।

हिसार, 20 नवम्बर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 18 गैर-शिक्षक कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने पदोन्नति पाने वाले सभी कर्मचारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि पदोन्नति कर्मचारी की मेहनत, लगन और ईमानदारी का सम्मान है। विश्वविद्यालय की तरक्की में हर कर्मचारी की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं। इसलिए सभी कर्मचारी अपने नए पद पर पूरी लगन, अनुशासन और टीम भावना के साथ काम करें। उन्होंने कर्मचारियों से विश्वविद्यालय के विकास में अपना पूरा सहयोग देने का आह्वान किया। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कहा कि पदोन्नति कर्मचारी की मेहनत और कार्यक्षमता को पहचान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी पदोन्नत कर्मचारियों से अपनी नई जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने और विश्वविद्यालय की प्रगति में सक्रिय योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखना जरूरी है। पदोन्नति पाने वाले कर्मचारियों के बारे जानकारी देते हुए प्रशासनिक एवं लेखा अधिकारी (ई) तारा चंद ने बताया कि विश्वविद्यालय में दो डिप्टी सुपरिंटेंडेंट सुरेंद्र कुमार और अंजू रानी को पदोन्नत कर सुपरिंटेंडेंट बनाया गया है। वहीं, तीन असिस्टेंट रविंद्र शर्मा, राजेश कुमार और बॉबी कुमार को डिप्टी सुपरिंटेंडेंट के पद पर पदोन्नति दी गई है। इसी प्रकार, चार सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर कैलाश रानी, स्नेह ढींगरा, सीमा रानी और अनीता रानी को पर्सनल असिस्टेंट बनाया गया है। सात क्लर्क अमन नैन, पूनम यादव, सुमित नेहरा, आजाद सिंह, मनोज, रविंद्र और बब्बर भान को असिस्टेंट के पद पर पदोन्नति मिली है।

इसके अलावा, सीनियर लैब असिस्टेंट उमेश कुमार को लैब टेक्नीशियन तथा जूनियर इंजीनियर सोनू दूहन को एसडीओ (सिविल) के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर कुलपति के सचिव कपिल अरोड़ा व मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
दैनिक भास्कर	21.11.26	3	7-8

एचएयू में 18 गैर-शिक्षक कर्मचारियों की पदोन्नति



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज पदोन्नत कर्मचारियों के साथ।

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 18 गैर-शिक्षक कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने सभी पदोन्नत कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि यह मेहनत, लगन और ईमानदारी का सम्मान है। उन्होंने बताया कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ती हैं, इसलिए नए दायित्वों का निर्वहन अनुशासन, टीम भावना और बेहतर कार्य संस्कृति के साथ किया जाए।

प्रशासनिक एवं लेखा अधिकारी (ई) तारा चंद के अनुसार विवि में दो डिप्टी सुपरिंटेंडेंट सुरेंद्र कुमार और अंजू रानी को पदोन्नत कर सुपरिंटेंडेंट बनाया गया है। वहीं, तीन असिस्टेंट रविंद्र शर्मा, राजेश कुमार और बॉबी कुमार को डिप्टी सुपरिंटेंडेंट के पद पर पदोन्नति दी गई है। इसी प्रकार, चार सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर कैलाश रानी, स्नेह ढींगरा, सीमा रानी और अनीता रानी को पर्सनल असिस्टेंट बनाया गया है। सात क्लर्क अमन नैन, पूनम यादव, सुमित नेहरा, आजाद सिंह, मनोज, रविंद्र और बब्बर भान को असिस्टेंट के पद पर पदोन्नति मिली है। इसके अलावा, सीनियर लैब असिस्टेंट उमेश कुमार को लैब टेक्नीशियन तथा जूनियर इंजीनियर सोनू दूहन को एसडीओ (सिविल) के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर कुलपति के सचिव कपिल अरोड़ा व मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार,
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
समस्त हरियाणा न्यूज	20.11.26	-----	----

हकृवि के 18 गैर शिक्षक कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 18 गैर-शिक्षक कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने पदोन्नति पाने वाले सभी कर्मचारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मेहनत और जिम्मेदारी का सम्मान है पदोन्नति : कुलपति

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि पदोन्नति कर्मचारी की मेहनत, लगन और ईमानदारी का सम्मान है। विश्वविद्यालय की तरक्की में हर कर्मचारी की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं। इसलिए सभी कर्मचारी अपने नए पद पर पूरी लगन, अनुशासन और टीम भावना के साथ काम करें। उन्होंने कर्मचारियों से विश्वविद्यालय के विकास में अपना पूरा सहयोग देने का आह्वान किया।

पारदर्शिता और ईमानदारी से करें कार्य : कुलसचिव

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कहा कि पदोन्नति कर्मचारी की मेहनत और कार्यक्षमता को पहचान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी पदोन्नत कर्मचारियों से अपनी नई जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने और विश्वविद्यालय की प्रगति में सक्रिय योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखना जरूरी है।

इन कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

पदोन्नति पाने वाले कर्मचारियों के बारे जानकारी देते हुए प्रशासनिक एवं लेखा अधिकारी (ई) लाल चंद ने बताया कि विश्वविद्यालय में दो डिप्टी सुपरिंटेंडेंट सुरेंद्र कुमार और अंजू रानी को पदोन्नत कर सुपरिंटेंडेंट बनाया गया है। वहीं, तीन असिस्टेंट रविंद्र शर्मा, राजेश कुमार और बाँकी कुमार को डिप्टी सुपरिंटेंडेंट के पद पर पदोन्नति दी गई है। इसी प्रकार, चार सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर कैलाश रानी, खेद सींगरा, सोमा रानी और अनीता रानी को पर्सनल असिस्टेंट बनाया गया है। सात क्लर्क अमन सैन, पूनम यादव, सुमित नेहरा, आजाद सिंह, मनोज, रविंद्र और चम्बर भान को असिस्टेंट के पद पर पदोन्नति मिली है। इसके अलावा, सीनियर लैब टेक्नीशियन तथा जूनियर इंजीनियर सोनू दूहन को एसडीओ (सिविल) के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर कुलपति के सचिव कपिल अरोड़ा व मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य भी उपस्थित रहे।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
पाठकपक्ष	21.11.26	-----	----

हकृवि के 18 गैर-शिक्षक कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने दी बधाई, कहा- पदोन्नति के साथ बढ़ती हैं जिम्मेदारियां

-पाठकपक्ष न्यूज-

हिसार, 21 नवम्बर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 18 गैर-शिक्षक कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने पदोन्नति पाने वाले सभी कर्मचारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मेहनत और जिम्मेदारी का सम्मान है पदोन्नति : कुलपति

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि पदोन्नति कर्मचारी की मेहनत, लगन और ईमानदारी का सम्मान है। विश्वविद्यालय की तरक्की में हर कर्मचारी की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं। इसलिए सभी कर्मचारी अपने नए पद पर पूरी लगन, अनुशासन और टीम भावना के साथ काम करें। उन्होंने कर्मचारियों से विश्वविद्यालय के विकास में अपना पूरा सहयोग देने का आह्वान किया।



पारदर्शिता और ईमानदारी से करें कार्य : कुलसचिव

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कहा कि पदोन्नति कर्मचारी की मेहनत और कार्यक्षमता को पहचान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी पदोन्नत कर्मचारियों से अपनी नई जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने और विश्वविद्यालय की प्रगति में सक्रिय योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखना जरूरी है।

इन कर्मचारियों को मिली पदोन्नति- पदोन्नति पाने वाले कर्मचारियों के बारे जानकारी देते हुए प्रशासनिक एवं लेखा अधिकारी (ई) तारा चंद ने बताया कि विश्वविद्यालय में दो डिप्टी सुपरिंटेंडेंट सुरेंद्र कुमार और अंजू रानी को पदोन्नत कर सुपरिंटेंडेंट बनाया गया है। वहीं, तीन असिस्टेंट रविंद्र शर्मा, राजेश कुमार और बॉबी कुमार को डिप्टी सुपरिंटेंडेंट के पद पर पदोन्नति दी गई है। इसी प्रकार, चार सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर कैलाश रानी, स्नेह ढींगरा, सीमा रानी और अनीता रानी को पर्सनल असिस्टेंट बनाया गया है। सात क्लर्क अमन नैन, पूनम यादव, सुमित नेहरा, आजाद सिंह, मनोज, रविंद्र और बब्बर भान को असिस्टेंट के पद पर पदोन्नति मिली है। इसके अलावा, सीनियर लैब असिस्टेंट उमेश कुमार को लैब टेक्नीशियन तथा जूनियर इंजीनियर सोनू दूहन को एसडीओ (सिविल) के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर कुलपति के सचिव कपिल अरोड़ा व मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य भी उपस्थित रहे।